C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

**अष्टम महागौरी**

श्वेते वृषे समारूढा
श्वेतेम्बरधरा शुचिः
महागौरी शुभं
दद्यान्महादेवप्रमोददा।।

**नवमं सिद्धिदात्री**

सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैर
सुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात्
सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।





सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:56 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:11 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 104 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 11 अक्टूबर 2024

आज एक साथ होगी ...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## होटल में जुआ खेलते 9 गिरफ्तार, नगदी बरामद

**हल्द्वानी।** पुलिस ने एक होटल में चल रहे जुए का भंडाफो़ करते हुए 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से हजारों रूपए की नगदी और ताश की गड्डियां बरामद हुई हैं। पुलिस ने उनके खिलाफ गैंबलिंग एक्ट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। सभी जुआरियों को कोर्ट में पेश किया गया। मुखानी थाना पुलिस को पनचक्की चौराहे पर गश्त करते समय मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग होटल युवराज में जुआ खेल रहे हैं। इस पर पुलिस ने तुरंत क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी नितिन लोहनी को सूचित कर मौके पर बुलाया। पुलिस टीम ने होटल के दूसरे मंजिल पर स्थित कमरे में प्रवेश किया, जहां 9 लोग एकत्रित होकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने जुआ खेल रहे सभी जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए जुआरियों में मुकेश बिष्ट, रमेश चन्द्र जोशी, राहुल मठपाल, गौरव मठपाल, ललित भट्ट, जितेन्द्र सनवाल, निशेष सिह चौहान, नितिन भारद्वाज और दीपक आर्या शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से 81 हजार 40 रूपए की नगदी और ताश के बरामद किए हैं।

## पुलिस ने दो स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना पुलिस ने दो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से हजारों रूपए की स्मैक बरामद हुई है। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। वनभूलपुरा थाना पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। पुलिस टीम जब रेलवे स्टेशन के पास पहुंची तभी एक संदिग्ध युवक वहां पर खड़ा दिखाई दिया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 10.01 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आसिफ भोदू पुत्र एजाज अहमद निवासी गफूर बस्ती थाना बनभूलपुरा बताया। आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं बनभूलपुरा थाना पुलिस ने महमूद उर्फ रानू निवासी लाइन नंबर नंबर 18 थाना बनभूलपुरा जनपद युवक को 8.16 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है।

# महाअष्टमी और नवमी आज, सीएम धामी ने किया कन्या पूजन

**देहरादून** — हमारे संवाददाता

शारदीय नवरात्र नवमी तिथि पर माता दुर्गा के आखिरी स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना की गई। नवरात्र के नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान के साथ पूजा करने का विधान होता है और महा अष्टमी और नवमी तिथि को कन्या पूजन करते हुए मां की विदाई होती है। आज शुक्रवार को घरों और मंदिरों में कन्यापूजन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शासकीय आवास पर शारदीय नवरात्र के नवम् दिवस पर अष्ट सिद्धियों की दात्री माँ सिद्धिदात्री की आराधना कर



समस्त लोक कल्याण के लिए प्रार्थना की। साथ ही सम्पूर्ण विधि-विधान से देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आदिशक्ति मां भगवती सभी प्रदेशवासियों का कल्याण करें और उन्हें सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करें, ऐसी कामना करता हूं। इस बार शारदीय नवरात्रि पर दो तिथियां एक ही दिन पड़ने की वजह से अष्टमी और नवमी तिथि को लेकर भ्रम की स्थिति थी। लोगों के मन में यह भ्रम बना है कि महा अष्टमी और नवमी तिथि 11 अक्तूबर को मनाएं या फिर 12 अक्तूबर को।

शास्त्रों में नवरात्रि पर अष्टमी और नवमी तिथि पर कन्या पूजन करने का विशेष महत्व होता है। पंचांग की गणना के मुताबिक आश्विन माह की अष्टमी तिथि की शुरुआत 10 अक्तूबर को हो गई, जिसका समापन 11 अक्तूबर को दोपहर 12 बजकर 7 मिनट पर हुआ। इस तरह से अगर उदया तिथि के आधार पर बात करें तो अष्टमी तिथि 11 अक्तूबर को ही मनाई गई। जिन लोगों ने अष्टमी तिथि पर कन्या पूजन किया।

लोग 11 अक्तूबर को दोपहर अष्टमी तिथि के समापन के पहले तक पूजा संपन्न कर व्रत का पारण कराया। नवरात्रि में व्रत रखने के बाद कन्या पूजन करने से माता रानी प्रसन्न होती है। सुख-समृद्धि, धन-संपदा का आशीर्वाद देती है। इसके साथ ही कन्या पूजन करने से कुंडली में नौ ग्रहों की स्थिति मजबूत होती है। कन्या पूजन करने से माता की विशेष कृपा प्राप्त होती है। मान्यता है कि बिना कन्या पूजन के नवरात्र का पूरा फल नहीं मिलता है।

आसियान सम्मेलन में शामिल होने के लिए दौरे पर मोदी

# पीएम मोदी ने यूरेशिया व पश्चिम एशिया में शांति का किया आह्वान

**वियनतियाने** — एजेंसी

पीएम मोदी ने 19वें ईस्ट एशिया सम्मेलन में कहा कि समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं आ सकता। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मुक्त, खुला, समावेशी, समृद्ध और नियम आधारित इंडो-पैसिफिक पूरे क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आसियान सम्मेलन में शामिल होने के लिए लाओस दौरे पर हैं। आज उनके दौरे का दूसरा दिन है। वियनतियाने में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन के साथ ही ईस्ट एशिया सम्मेलन का भी आयोजन हो रहा है। भारतीय पीएम ने ईस्ट एशिया सम्मेलन में तूफान टाइफून यागी में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। साथ ही दुनिया के अलग-अलग भागों में चल रहे संघर्षों का ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ रहे सबसे ज्यादा नकारात्मक प्रभाव को देखते हुए प्रधानमंत्री ने यूरेशिया और पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता लाने का आह्वान किया। पीएम मोदी ने 19वें ईस्ट एशिया



***पीएम मोदी ने कहा, मैं बुद्ध की धरती से आता हूं और मैंने बार-बार कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है। समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं आ सकता। संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करना जरूरी है। मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देनी होगी।***

सम्मेलन को संबोधित कर कहा कि समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं आ सकता। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मुक्त, खुला, समावेशी, समृद्ध और नियम आधारित इंडो-पैसिफिक पूरे क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि समुद्री गतिविधियां संयुक्त राष्ट्र की समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) के तहत होनी चाहिए। नेविगेशन और वायु क्षेत्र की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना आवश्यक है। एक मजबूत और प्रभावी आचार संहिता बनाई जानी चाहिए। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में चल रहे संघर्षों का ग्लोबल साउथ के देशों पर सबसे नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, प्रधानमंत्री ने कहा कि हर कोई (चाहे वह यूरेशिया हो या पश्चिम एशिया) चाहता है कि शांति और स्थिरता जल्द से जल्द बहाल होनी चाहिए।

# इजराइल का लेबनान, गाजा-सीरिया पर हमला, दो हिजबुल्ला कमांडर समेत 46 की मौत

**रुद्रपुर** — हमारे संवाददाता

**जंग**

- इस्राइली सेना की कार्रवाई में कई हथियार डिपो भी तबाह

पश्चिम एशिया में जारी हिंसक संघर्ष के बीच इस्राइल ने लेबनान, गाजा और सीरिया के अलग-अलग ठिकानों पर निशाना साधा है। हमले में दो हिजबुल्ला कमांडर समेत 46 लोगों की मौत की खबर है। हताहतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस्राइली सेना की कार्रवाई में कई हथियार डिपो भी तबाह हुए हैं।

इस्राइल ने हिजबुल्ला के खिलाफ आक्रामक अभियान जारी रखते हुए एक बार फिर लेबनान पर बम दागे। वहीं, सीरिया व गाजा में भी इस्राइली सेना के हमले लगातार जारी हैं। इनमें दो हिजबुल्ला कमांडर समेत कुल 46 नागरिकों की मौत हुई है। इस बीच, ईरान की तरफ से 1 अक्तूबर को दागी गई मिसाइलों पर जवाबी कार्रवाई पर भी मंथन जारी है। माना जा रहा है कि ईरानी हमले के जवाब में इस्राइल की तरफ से कोई बड़ी कार्रवाई की जा सकती है। इस्राइली कैबिनेट की बैठक में ईरान पर जवाबी कार्रवाई के मामले में विचार किया जाना है। इस बीच, इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच फोन पर बातचीत भी हुई है। दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत करीब 50 दिनों के बाद हुई है और बताया जा रहा है कि इसमें ईरान पर संभावित हमले पर भी चर्चा हुई है। व्हाइट हाउस ने इस बातचीत को सकारात्मक बताया।

इस्राइल ने हिजबुल्ला के जिन कमांडरों को ढेर किया है उनका नाम अहमद मुस्तफा और मोहम्मद अली हमदान बताया जा रहा है। हमदान हिजबुल्ला के एंटी टैंक का कमांडर था। इस्राइल ने लेबनान में अपने मिसाइल हमलों में बेरूत के दहिह में हिजबुल्ला के कई हथियार डिपो भी तबाह कर दिए हैं। इस बीच नेतन्याहू ने लेबनान को चेतावनी देते हुए कहा है कि हिजबुल्ला को रोकें वरना गाजा जैसा हाल करेंगे।

लेबनान और ईरान के साथ ही इस्राइल ने फलस्तीन में उग्रवादी ठिकानों को निशाना बनाना नहीं छोड़ा है। इसी क्रम में उसने दीर अल-बला में एक आश्रय गृह के अंदर हमास की तरफ से संचालित अस्थायी पुलिस को निशाना बनाकर हमला किया।

# हल्द्वानी में कुमाऊं द्वार महोत्सव 15 से

**हल्द्वानी** — हमारे संवाददाता

वैदेही कल्चरल एजुकेशन एंड आर्ट फाउण्डेशन की ओर से एमबी इंटर कालेज मैदान में इस बार भी कुमाऊ द्वार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव 15 से 19 अक्टूबर तक आयोजित होगा।

मेला संयोजक गोविंद दिगारी ने इसकी जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उदघाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया जाएगा। गोविंद दिगारी ने बताया कि कुमाऊनी संस्कृति के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए यह आयोजन किया जा रहा है जिसमें कुमाऊ की विधि संस्कृति की झलक लोगों को देखने को मिलेगी। इसके अलावा लोकगीत प्रतियोगिता, लोक नृत्य प्रतियोगिता, उत्तराखंड व्यंजन प्रतियोगिता, एपण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। पूर्वांचल की मशहूर गायिका मैथिली ठाकुर महोत्सव में आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इनके अलावा मीना राणा, संजय कुमोला, श्वेता माहरा, मनोज आर्या, इंदर आर्या, कैलाश कुमार, नीरज चुफाल, राकेश खनवाल, मेघना चंद्रा, सूरज प्रकाश, रोहित चौहान, जितेंद्र तोमक्याल, राकेश जोशी, हरीश भट्ट, हेमलता भट्ट, चंद्र प्रकाश भी अपनी प्रस्तुति देंगे।




# जेपीएनआईसी को सील करने पर गरमायी प्रदेश की सियासत

**लखनऊ** — एजेंसी

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जेपीएनआईसी के मेन गेट पर लगाई जा रही टिन का वीडियो शेयर करते हुए कहा है कि किसी को नमन करने या श्रद्धांजलि देने से रोकना सुसभ्य लोगों की निशानी नहीं।

जयप्रकाश नारायण की जयंती पर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव की निर्धारित यात्रा से पहले जय प्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) को सील कर दिया गया है। बैरिकेडिंग की गई है और पुलिस बल तैनात किया गया है। अखिलेश के घर के बाहर पुलिस तैनात कर दी गई है। इससे सपा नेता आक्रोशित हैं। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पुलिस बल और बैरिकेडिंग की मौजूदगी के बीच



पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के आवास पर इकट्ठा होने लगे हैं। बता दें कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव आज जयप्रकाश नारायण की जयंती पर गोमती नगर स्थित जेपीएनआईसी का दौरा करने वाले हैं। अखिलेश यादव से बात करने पुलिस अधिकारी उनके उनके निजी आवास के अंदर गए हैं। अखिलेश यादव कुछ ही देर में अपने आवास से बाहर निकलेंगे और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को देर रात गोमती नगर स्थित जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) पहुंचे थे। जहां पर उन्होंने मीडिया से बातचीत में बयान दिया कि ये टीन शेड लगाकर सरकार कुछ तो छिपाना चाह रही है। कहीं ऐसा तो नहीं कि बेचने की तैयारी हो, किसी को देना चाहते हो। बता दें कि समाजवादी विचारधारा के प्रतीक लोकनायक जय प्रकाश नारायण की 11 अक्तूबर (शुक्रवार) को जयंती है। उनको श्रद्धांजलि देने के लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव जेपीएनआईसी जाना है।

इसके पहले, अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जेपीएनआईसी के मेन गेट पर लगाई जा रही टिन का वीडियो शेयर करते हुए कहा है कि किसी को नमन करने या श्रद्धांजलि देने से रोकना सुसभ्य लोगों की निशानी नहीं। उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और सपा नेता माता प्रसाद पांडेय ने कहा, जयप्रकाश नारायण आजादी की लड़ाई में हमारे बड़े नेता थे, स्वतंत्रता सेनानी थे और उन्हें सभी पार्टियों के नेताओं का सम्मान प्राप्त है। इसलिए आज उनकी जयंती पर हम प्रतिपक्ष उनका सम्मान करने के लिए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हैं।

# 8वें दुर्गा पूजा महोत्सव पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

## आस्था

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सर्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वावधान में चल रहे 68वें दुर्गा पूजा महोत्सव के तहत गुरुवार को नैनीताल में अष्टमी के विशेष मौके पर मां नयना देवी मंदिर परिसर में कई धार्मिक अनुष्ठान किए गए, जिसमें संधी पूजा मुख्य रही। दूसरी ओर रात्रि में सांस्कृतिक मंच पर हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्तराखंड की मशहूर लोक गायिका माया उपाध्याय के गीतों में देर रात तक दर्शक झूमते रहे।




इससे पूर्व गुरुवार की सुबह 6 बजे संधी पूजा समापन का आयोजन किया गया जिसमें 108 कमल पुष्प,दिए तथा बेलपत्री से मां दुर्गा का अभिषेक किया गया, इसमें 108 दिये की आरती महिसासुर मर्दिनी को, 108 कमल पुष्प, 108दूर्वा तथा 108 बेल पत्री अर्पित की गई। मुख्य पुजारी तपन चटर्जी के नेतृत्व में पूजा की गई। इस दौरान सर्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बहादुर सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल, महासचिव उमेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, भास्कर बिष्ट, डॉली भट्टाचार्य, तृप्ति मजूमदार, दिनेश भट्ट,भाष्कर महतोलिया, सुमन साह, आशीष वर्मा, प्रेम कुमार शर्मा,चंदन कुमार दास, दिप्ति बोरा, विकास वर्मा तथा सहित कमेटी के सदस्य तथा अन्य भक्तजन मौजूद रहे। शाम को सांस्कृतिक मंच में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। इस दौरान सैंट जोन्स स्कूल,एसजेएमके भीमताल, कला साहित्य एवं संगीत साधना केंद्र नैनीताल, विजय तथा पूजा हरियाणा के मुख्य कलाकार, मलिक ग्रुप हल्द्वानी के कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उसके बाद उत्तराखंड की लोक गायिका माया उपाध्याय के मंच में पहुंचते ही दर्शकों ने तालिया बजाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान माया ने क्रीम पौडरा...,छोरी लछिमा..., माया को टोटल..., तेरी मेरी माया..., हाय ककड़ी छिलमा..., आज का दिना..., ओ चंदू डराईबरा... समेत कई अपने लोकप्रिय गीत गाकर दर्शकों को अंत तक बैठने के लिए मजबूर कर दिया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया।



### हवन पूजन व विशाल भंडारे का आयोजन

**नैनीताल ।** सर्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के सहयोग से आयोजित 68वें दुर्गा पूजा महोत्सव में शुक्रवार को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजित किए गया। नयना देवी मंदिर में हवन यज्ञ, कन्या पूजन के बाद चार्ट मार्केट में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों नें प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में मुख्य पुजारी तपन चटर्जी के नेतृत्व में महानवमी पूजन का समापन किया गया। इस दौरान मां नयना देवी मंदिर में आयोजित हवन यज्ञ में यजमान के रूप वरिष्ठ उपाध्यक्ष त्रिभुवन फ़र्त्याल, महासचिव उमेश मिश्रा कोषाध्यक्ष राकेश कुमार ,भास्कर बिष्ट,शिवराज नेगी ,दिनेश गुरानी, आशीष वर्मा,चंद कुमार दास,सुरेश चौधरी ,भास्कर, दीप्ति बोरा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



## छात्र संघ चुनाव की तिथि 25 अक्टूबर हुई घोषित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

आखिरकार कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के छात्र नेताओं की ओर से छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग को लेकर चलाया जा रहा आंदोलन सफल रहा।

गुरुवार की देर रात शासन की ओर से कुमाऊं विवि प्रशासन के पास पत्र पहुंचा,जिसमें छात्र संघ चुनाव 25 अक्टूबर को कराए जाने पर सहमति बनी है। पत्र की प्रति कुविवि के प्रभारी कुल सचिव राकेश कुमार विश्वकर्मा की ओर से आंदोलित छात्र नेताओं को सौंपी गयी,पत्र मिलने के बाद आंदोलित छात्र नेताओं ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है। प्रभारी कुल सचिव राकेश कुमार विश्वकर्मा के मुताबिक गुरुवार को शासन स्तर पर आयोजित बैठक के उपरान्त शासन के उच्चाधिकारियों द्वारा 25 अक्टूबर को विश्वविद्यालय के परिसरों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में छात्र संघ निर्वाचन कराने की सहमति प्रदान की गई है। शासन द्वारा निर्धारित तिथि पर छात्र संघ चुनाव सम्पन्न करायें जाएंगें। आंदोलित छात्र नेताओं के बीच कुल सचिव समेत कुविवि के मुख्य परीक्षा नियंत्रक डा.महेंद्र सिंह राणा पहुंचे और उनसे आंदोलन खत्म करने का आग्रह किया।

## इंदिरा आदर्श बंगाली कॉलोनी के दुर्गा पूजा में शामिल हुए विधायक शिव

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

इंदिरा आदर्श बंगाली कॉलोनी में नवरात्रि के पावन माह मे आयोजित श्री श्री सर्वाजिक दुर्गा पूजा कार्यक्रम में विधायक शिव अरोरा समर्थकों के साथ शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दुर्गा माई के चरणों में नमन करते हुए क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के इस पवित्र माह में चारों ओर भक्ति की शक्ति माँ दुर्गा के जयकारों की गूंज है जगह जगह दुर्गा पूजा के पंडाल सजे है ओर पंडालो मे दुर्गा माई की दिव्यता भव्यता से हमारे जीवन मे एक नई ऊर्जा का संचार हों रहा है, विधायक ने कहा कि दुर्गा पूजा का पर्व हमारे बंगाली समाज में बहुत बढ़ा महत्व है और जागरण, दुर्गा पूजा के आयोजन से हमारी युवा पीढ़ी हमारी संस्कृति के बारे में जानने का सीखने का अवसर मिलेगा। विधायक ने कहा कि दुर्गा माई की कृपा से हम रुद्रपुर विधानसभा में लगातार कार्य कर रहे है, जिसके परिणाम धरातल पर भी नजर आ रहे है। यहां उपेन्द्र चौधरी, सुरेश कोली, गणेश राय, ईश्वर मलिक, विनय विश्वास, गणेश सरकार, सरोज राय, सुशांत राय, विभूति विश्वास, माँजी मंडल, विपक विश्वास, कमेटी अध्यक्ष अजय राय, सुराज, सुजीत मिस्त्री, असीम, अमित हलदार, कौशिक पाल, पवित्र राय आदि मौजूद रहे।



## आंखों की बीमारी व उनको स्वस्थ रखने के टिप्स दिए

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल स्थित राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में गुरुवार को विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया। इस दौरान जिला अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ ने लोगों को आंखों को स्वस्थ रखने व आंखों की बीमारी तथा उनके बचाव के कई जरुरी टिप्स दिए।

जिला अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपिका लोहनी ने बताया कि विश्व दृष्टि दिवस एक वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम है, जो प्रत्येक अक्टूबर माह के दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है। बताया कि इस दिवस को मनाने का विशेष मकसद दृष्टि और नेत्र स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के संबंध में जन जागरूकता पर जोर देना है।

उन्होंने बताया कि विश्व दृष्टि दिवस की इस वर्ष की थीम श्चिल्ड्रन लव यूअर आइज है, जिसके तहत बच्चों को उनकी आंखों को स्वस्थ रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है।



डा.लोहनी ने बताया कि अत्यधिक मोबाइल के इस्तेमाल से बच्चों को निकट दृष्टि दोष हो रहा है। उन्होंने बच्चों को कम से कम मोबाइल का इस्तेमाल करने की सलाह दी।

उन्होंने अस्पताल में मौजूद स्टाफ , मरीजों व तीमारदारों को आंखों की बीमारियों जैसे मोतियाबिंद तथा एलर्जी व निकट व दूर दृष्टि दोष की जानकारी दी साथ ही आंखों को स्वस्थ रखने के लिए आंखों की अच्छी देखभाल करने की राय दी। उन्होंने कहा कि आंखें हमारे शरीर का बहुत महत्वपूर्ण अंग है। आंखों में किसी भी प्रकार की दिक्कत, जलन व दर्द या कम दिखने पर तुरंत डॉक्टरी सलाह जरूर लें। इस दौरान जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ.तरुण कुमार टम्टा समेत डॉ. गरिमा कांडपाल, डॉ. आरुषि गुप्ता तथा मेट्रन शशि कला पांडे तथा वरिष्ठ फार्मेसिस्ट इंदु कुमार जोशी समेत जिला अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा।

## NEWS / फटाफट

### नव नियुक्त अधिकारियों ने संभाला अपना पदभार




**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद नैनीताल के दोनों नव नियुक्त अधिशासी अधिकारियों ने गुरुवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। बता दें कि गुरुवार को दीपक गोस्वामी ने नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी का पद ग्रहण किया, बता दें वह इससे पहले नगर निगम उधमसिह नगर के सहायक नगर आयुक्त के पद पर तैनात थे और वह 2019 बैच के पीसीएस अधिकारी हैं साथ ही विनोद सिंह जीना ने नगर पालिका में द्वितीय ईओ का पद ग्रहण कर लिया है । दीपक गोस्वामी ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता शहर की सफाई व्यवस्था है। सफाई का विशेष ध्यान दिया जाएगा और राष्ट्रीय स्तर रैंकिंग पर पालिका को उच्च स्तर पर लाने के प्रयास किए जाएंगे, साथ ही टैक्स से आय बढ़ाने व दैनिक कार्यो में नवीनीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वेंडर जोन के लिए जगह चिन्हित होने के बाद सभी को वहां पर भेजा जाएगा स पालिका के सभी कर्मचारियों को साथ लेकर काम किए जाएंगे। उन्होंने पालिका के सभी कर्मचारियों साथ मुलाकात भी की कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।

### युवाओं का भविष्य बेचने पर आमादा है भाजपा सरकार: विधायक



**हल्द्वानी।** उत्तराखंड डायट डी. एल. एड. प्रशिक्षु शिक्षकों के शिष्टमंडल ने हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश से उनके हल्द्वानी स्थित निज आवास पर मुलाकात कर उत्तराखंड प्राथमिक शिक्षक भर्ती में उनके साथ हो रहे अन्याय को लेकर मुलाकात की और ज्ञापन दिया गया। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि उत्तराखंड के बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ भाजपा की आदत बन गया है। पहले भर्ती घोटालों ने युवाओं के सपने चकनाचूर किये फिर पोस्ट ऑफिस में बाहरी युवाओं की नियुक्तियों से उत्तराखंड के युवाओं को छला अब प्राथमिक शिक्षक भर्ती में प्रदेश के बाहर के युवाओं को वरीयता देने से फिर से उत्तराखंड के युवाओं के सपने को चकनाचूर करने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश की भाजपा सरकार लगातार बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। अब पानी सर से ऊपर जा रहा है जिसको बर्दास्त नही किया जा सकता। भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ छोड़ दे अन्यथा शीघ्र ही कांग्रेस उत्तराखंड के युवाओं को लेकर बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगी।

### जिला चिकित्सालाय रक्तदान का आयोजन



**नैनीताल।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं व निवर्तमान पालिकाध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ताओं नें समाजसेवी जितेंद्र पांडे जीनू के जन्मदिन के शुभ अवसर पर बीडी पांडे जिला चिकित्सालाय रक्तदान का आयोजन किया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया नि वर्तमान पालिका अध्यक्ष सचिन नेगी,युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव संजय कुमार,वरिष्ठ समाजसेवी डॉ.सरस्वती खेतवाल,रविंद्र राठौर,अमित पांडे,संदीप नेगी,पंकज बिष्ट,दीपक भट्ट,अमित बिष्ट,पवन साईं,विशाल बात्रा,मयंक नेगी, शुभम बजाज, सिद्धार्थ टंडन सहित दर्जनों कार्यकर्त्ताओं नें रक्तदान किया। इस मौके पर डॉ. प्रियांशु श्रीवास्तव, रजनीश मिश्रा, कमल बिष्ट समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## कानून और विवेक

***सर्वोच्च न्यायालय ने मानवीय दृष्टिकोण से कानून के इस्तेमाल पर बल दिया है। शीर्ष अदालत ने यहां तक कहा है कि किसी व्यक्ति को कोई पोर्नोग्राफी भेजता है और वह अज्ञानतावश देख लेता है, इसके बाद डिलीट कर देता है, तो वह निर्दोष नहीं होगा। अश्लील सामग्री की जानकारी होने पर शिकायत करना जरूरी होगा। प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रचलन में अश्लीलता की घटनाएं अपवाद के रूप में गिनी-चुनी उजागर होती थीं। सोशल मीडिया और आधुनिक तकनीक के प्रसार से यौन शोषण और महिलाओं के खिलाफ अपराधों की बाढ़ जैसी आ गई है। शासन, प्रशासन और न्यायपालिका से कहीं ज्यादा जिम्मेदारी समाज की है।***

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना और डाउनलोड करना पॉक्सो कानून के तहत अपराध है, जबकि मद्रास हाईकोर्ट ने इस मामले में एक व्यक्ति को बरी कर दिया था। शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट के फैसले को रद्द करके कानून का इस्तेमाल विवेक से करने की दिशा दिखाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने संसद को पॉक्सो कानून में बदलाव लाकर 'चाइल्ड पोर्नोग्राफी' शब्द की जगह 'बाल यौन शोषण और शोषणकारी सामग्री' शब्द के इस्तेमाल पर विचार करने का सुझाव दिया है। न्यायपालिका ने अज्ञानतावश एक गलत धारणा को जनमानस के मस्तिष्क से निकालने को कहा है, लोग अक्सर कहते हैं कि पश्चिमी देशों में यौन शिक्षा दी जाती है, यह गलत है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि यौन शिक्षा के नाम पर अपराध को बढ़ावा दिया जा रहा है। कुछ दशक पहले कैमरे के माध्यम से पोर्नोग्राफी करके सीडी, कैसेट के माध्यम से अश्लील फिल्में उपलब्ध कराकर पैसा कमाने का धंधा किया जाता था। बच्चों व महिलाओं का यौन शोषण किया जाता था। स्मार्ट मोबाइल फोन की तकनीक से यौन शोषण के साथ ही ब्लैकमेल के अपराध की भरमार हो गई है। चाइल्ड पोर्न देखने और डाउनलोड करने के मामले में समाज के निम्न तबके से लेकर उच्च वर्ग तक लिप्त है। सबसे ज्यादा शर्मनाक बात यह है कि कानून बनाने वाले भी अनेक बार अश्लीलता के अपराध में लिप्त पाये गये हैं। स्मार्ट फोन आने पर मीडिया में कई समाचार आये थे कि संसद सत्र के दौरान सदन में माननीय अपने फोन पर अश्लील वीडियो देख रहे थे। लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव के माध्यम से सांसद व विधायक को मतदाता इसलिए चुनते हैं कि वह देश और जनहित में कानून बनायें तथा जनसमस्याओं का निस्तारण करें। सरकार ने पॉक्सो कानून बनाकर कर्तव्य की इतिश्री कर ली। मद्रास हाईकोर्ट ने भी कानून के मानवीय पहलू पर विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। सर्वोच्च न्यायालय ने मानवीय दृष्टिकोण से कानून के इस्तेमाल पर बल दिया है। शीर्ष अदालत ने यहां तक कहा है कि किसी व्यक्ति को कोई पोर्नोग्राफी भेजता है और वह अज्ञानतावश देख लेता है, इसके बाद डिलीट कर देता है, तो वह निर्दोष नहीं होगा। अश्लील सामग्री की जानकारी होने पर शिकायत करना जरूरी होगा। प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रचलन में अश्लीलता की घटनाएं अपवाद के रूप में गिनी-चुनी उजागर होती थीं। सोशल मीडिया और आधुनिक तकनीक के प्रसार से यौन शोषण और महिलाओं के खिलाफ अपराधों की बाढ़ जैसी आ गई है। शासन, प्रशासन और न्यायपालिका से कहीं ज्यादा जिम्मेदारी समाज की है। अभिभावक, सामाजिक, धार्मिक संगठनों को आगे आकर विकृति पर नियंत्रण करना होगा।

# लछिमन मेघनाद द्वौ जोधा। भिरहिं परसपर करि अति क्रोधा॥

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



रामलीला मैदान में श्री रामलीला मंचन में दिन लीला में लक्ष्मण मेघनाथ युद्ध, तत्पश्चात लक्ष्मण शक्ति, हनुमान जी द्वारा जड़ी बूटी पर्वत लेकर आना रास्ते में उनका भरत जी के साथ मिलाप, लक्ष्मण जागृति और कुंभकरण वध तथा रात्रि लीला में सीता खोज, लंका दहन विभीषण शरणागति आदि लीलाओं का बहुत सुंदर मंचन वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा किया गया। व्यास जी बताते हैं कि लक्ष्मण और मेघनाथ के युद्ध में मेघनाद ब्रह्म शक्ति का प्रयोग करके लक्ष्मण को मूर्छित कर देता है। इससे राम दल में शोक छा जाता है। लक्ष्मण को मूर्छित देखकर राम शोकातुर होकर करुण विलाप करने लगते हैं। तब हनुमान जी लंका से सुषैण वैद्य को ले कर आते हैं। सुषैन वैध के परामर्श पर हनुमान जी संजीवनी बूटी लेने द्रोणागिरी पर्वत जाते हैं, और प्रात: होने से पहले वापस रामादल में लौट कर आ जाते हैं, शुषैण वैद्य जी संजीवनी बूटी का प्रयोग करके लक्ष्मण जी का उपचार करते हैं, और मूर्छित लक्षण जी तुरंत खड़े हो जाते हैं। आज मुख्य रूप से अपर निदेशक आईटीआई ऋचा सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमंत बगड्वाल, प्रकाश रावत ,चंदन बिष्ट, ललित जोशी, शंकर कोरंगा, अलका जीना, मीना वार्ष्णेय , मोहनी रावत, हेमंत अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल , पंकज कपूर,मनोज गुप्ता सौरभ भट्ट आदि उपस्थित रहे।

शीशमहल रामलीला मे पंचम दिवस के मंचन में सुमंत राम-लक्ष्मण-सीता को नदी किनारे केवट ओर उसके परिवार के साथ नाव में पार कराते देख कर वापस अवध को रवाना हो जाते है,अयोध्या में राजा दशरथ को पूरा हाल सुनाते है,राण के वियोग में दशरथ प्राण त्याग देते है, भरत-शत्रुघन अयोध्या आकर माता कैकई से राम को वन भेजने का कारण पूछते है ,भरत माँ से राम को वन भेजने पर काफी गुस्से से भरे है,शत्रुघन दासी मंथरा को लात मार कर महल से भगाते है,सुमंत भरत-शत्रुघन और माता को लेजर राम जी से मिलने वन को रवाना हो जाते है ,वन में सुमंत राम को दशरथ के निधन का समाचार देते है,दुखी राम पिता को दिये वचनों का हवाले दे अयोध्या आने से मना कर देते हैआज की लीला में प्रमुख पात्रो में राम-रवि तिवाडी,लक्ष्मण-रवि करायत, दशरथ--दिनेश फुलारा,कैकई-राहुल तिवाडी,सीता-हार्दिक भट्ट,सुमंत -विनोद तिवाडी,केवट -नरेश भट्ट ,भरत-कृष्णा ध्यानी,शत्रुघन- देव उराव ने शानदार अभिनय किया,

मंचन का शुभारंभ भोलानाथ केसरवानी ने दीप प्रज्वलित कर किया, इस मौके पर मुख्य व्यवस्थापक गिरीश तिवाडी, अध्यक्ष मनोज तिवाडी, निर्देशक नीरज फुलारा, महामंत्री एन डी तिवाडी, कमल पपनै , हरीश पांडे, सुरेश तिवाडी, मोहन बलूटिया, विनोद भट्ट,दिबेश फुलारा, उमेश तिवाडी, योगेश कर्नाटक, कैलाश बलूटिया, देवेश तिवाडी, कैलाश तिवारी, पुष्पा संभल, भास्कर बलूटिया, मोहन अधिकारी, हरीश बलूटिया, विपिन जोशी, नंदन बिष्ट, नन्दाबल्लभ महतोलिया, दीपू तिवाडी, विकम डंगवाल, चंदशेखर शर्मा, बालकिशन, उमेश जोशी, गिरीश लोहनी ,बालम मेहरा, गणेश बिष्ट, खीमा तिवाडी, निर्मल सती, हिमांशु बिष्ट, दयानंद तिवाडी, देवी दत्त सुयाल सहित सैकड़ों दर्शको ने रामलीला के मंचन का आनंद लिया।

## अवैध भवन निर्माण पर नकेल कसेंगे 14 अवर अभियंता

**नैनीताल।** नगर समेत समीपवर्ती प्राधिकरण क्षेत्रों में अवैध भवन निर्माणों पर नकेल कसने के लिए प्राधिकरण में 14 अवर अभियंताओं को तैनात किया गया है। सीलबंद भवनों की अवैध तरीके से खोली गई सील पर कार्रवाई पर खास तबज्जो दी जाएगी। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के सचिव विजयनाथ शुक्ल ने बुधवार को बताया कि नगर में अवैध भवन निर्माण कार्यों पर अंकुश लगाने के लिए प्राधिकरण तेज रफ्तार के साथ कार्रवाई करने जा रहा है। 14 अवर अभियंता को इस कार्य का जिम्मा सौंपा गया है। सभीको कार्यक्षेत्र सौंप दिए गए हैं और आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। इनका कार्य क्षेत्र नैनीताल व भीमताल रहेगा। भवन निर्माणों की जॉच करेंगे। सीलबंद भवनों की की जांच करेंगे। लंबित अपील व अन्य मामलों का निस्तारण को लेकर जांच करेंगे। इस मुहीम से नगर के अवैध निर्माणों पर अंकुश लग पाएगा। नवनियुक्त अवर अभियंताओं में आशुतोष, शिल्पी, शिवानी पाल, रोहित बिष्ट, प्रदीप सिंह, बबीता, इकरा, विपिन कुमार, सुप्रिया शर्मा, रिया डालाकोटी, सूरज, प्रदीप अवस्थी प्रेरणा नैनवाल व समीर एहमद के नाम शामिल हैं।

## पुण्यतिथि पर पूर्व सीएम मुलायम सिंह को दी श्रंद्धाजलि

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



देश के पूर्व रक्षा मन्त्री व उ.-प्र. के पूर्व मुख्य मंत्री माननीय मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि पर उत्तराखाण्ड सपा. प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीक़ी के कार्यालय 17-आज़ाद नगर हल्द्वानी पर भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता इकट्ठा हुए।

सर्वप्रथम सपा प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीक़ी ने अपने तमाम सपा कार्यकर्ताओं के साथ माननीय मुलायम सिंह यादव के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रंद्धाजलि अर्पित की तदुपरांत एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा को संबोधित करते हुए अब्दुल मतीन सिद्दीक़ी ने कहा कि माननीय मुलायम सिंह यादव जैसा नेता सदियों में एक-आद ही पैदा होता है।उन्होंने कहा माननीय मुलायम सिंह यादव जी के जीवन में जितनी उपाधि मिली है। आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि को नहीं मिली है। अपने मुख्यमंत्री काल में उ. प्र. में पर्वतीय क्षेत्र को उ. प्र. की जनसंख्या का 2 प्रतिशत आरक्षण देना चाहते थे।जबकि पर्वतीय क्षेत्र में उश्र प्रश की 4 प्रतिशत आबादी थी। जिसमें उत्तराखण्ड के 50 प्रतिशत लोगों को आरक्षण का लाभ मिलता लेकिन यहां की तथाकथित पार्टियों ने उसका विरोध कर यहां के युवाओं का भारी नुक़सान किया है।

इसी के साथ ही रक्षा मंत्री रहते हुए नेता जी ने हमेशा सेना का तो मनोबल बढ़ाया ही साथ ही शहीद सेनिको के शवों को सम्मान से उनके घर भिजवाने के साथ-साथ राजकीय सम्मान से उनका अंतिम संस्कार व उनके परिवार की जीविका व बच्चों की पड़ायी आदि की भी पूरी व्यवस्था की थी। जो देश के लिए एक ऐतिहासिक व गर्व वाला फ़ैसला था। अंत में सिद्दीक़ी ने कहा माननीय मुलायम सिंह यादव को सच्ची श्रंधाजलि यही होगी कि हम उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए । माननीय अखिलेश यादव के हाथों को मज़बूत करें।

शोक सभा में मुख्य रूप से ज़िला अध्यक्ष सोमपाल मोरया, जावेद मिकरानी,अलीम अंसारी, उमैर मतीन, इस्लाम मिकरानी, रेहान मलिक, संजय गुप्ता, आसिम सिद्दीक़ी, अनवर हुसैन, ज़ाहिद ख़ान, विक्की ख़ान,दीपक अग्रवाल, सरताज अंसारी, एडवोकेट जावेद अहमद, नाज़िम सलमानी, अथर ख़ान, मोहम्मद अनस, मोहम्मद अरशद्, अज़हर मलिक, शाहिद खान सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शारदीय नवरात्रि

# आज एक साथ होगी अष्टमी और नवमी

## मां दुर्गा का मोहक रूप है देवी महागौरी



*मां दुर्गाजी की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। नवरात्र के आठवें दिन इनकी पूजा का विधान है। इनका वर्ण पूर्णत: गौर है। इस गौरता की उपमा शंख, चन्द्र और कुन्द के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र एवं आभूषण आदि श्वेत हैं। अपने पार्वती रूप में इन्होंने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। जिसके कारण शरीर एकदम काला पड़ गया था। तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान् शिव ने इनके शरीर को गंगाजी के पवित्र जल से धोया तब वह विद्युत प्रभा के समान अत्यंत कांतिमान-गौर हो उठा। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। इनकी उपासना से भक्तों के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप-संताप, दैन्य-दु:ख उसके पास कभी नहीं आते। मां महागौरी का ध्यान सार्वधिक कल्याणकारी है।*

## नवमी को महारूप में प्रकट हुई थीं देवी



*नव दुर्गाओं में मां सिद्धिदात्री अंतिम हैं। अन्य आठ दुर्गाओं की पूजा-आराधना शास्त्रीय विधि-विधान के अनुसार करते हुए भक्त नवरात्र के नवें दिन इनकी उपासना में प्रवृत्त होते हैं। मार्कण्डेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व— ये आठ सिद्धियां होती हैं। ब्रह्मवैवर्त्त पुराण में श्रीकृष्ण जन्मखंड में ये सिद्धियां अठारह बताई गई हैं। मां सिद्धिदात्री भक्तों और साधकों को ये सभी सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। देवीपुराण के अनुसार भगवान् शंकर ने इनकी कृपा से ही इन सिद्धियों को प्राप्त किया था। इनकी अनुकम्पा से भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण वह लोक में अर्द्धनारीश्वर नाम से प्रसिद्ध हुए। सिद्धिदात्री मां के भक्त के भीतर कोई ऐसी कामना शेष नहीं रहती है, जिसे वह पूर्ण करना चाहे।*

## देर रात तक सड़क पर घूमने वाले पशुओं के गले पर लगाई रेडियम की बैल्ट

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

शहर में आवारा पशुओं की सेवा में जुटे जेपी ग्रुप के सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने गुरूवार देर रात तक सड़क पर घूम रहे पशुओं के गले पर रेडियम की बैल्ट लगायी।

इस दौरान ठुकराल ने कहा कि सड़क पर घूमते बेजुबान पशु आये दिन किसी वाहन की चपेट में आकर घायल हो जाते हैं। ऐसे पशुओं को दुर्घटना से बचाने के लिए युवाओं की टीम लगातार काम कर रही है। युवाओं का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं के लिए गौशाला की मांग उन्होनें कई बार सरकार के समक्ष उठाई थी। शीघ्र ही इसे लेकर पुनः शासन प्रशासन से वार्ता करेंगे। इस अवसर पर आकाश बठला,मोनू ठाकुर,सत्ता गुम्बर, छोटू, अजय, राजेश, दीपक, राजीव, मोहित, प्रमोद, शिवम, राहुल, संदीप आदि मौजूद रहे।



## News कॉर्नर

### बाइकें आपस में टकराई दो बाइक सवार गंभीर

**नैनीताल।** नगर के नैनीताल-भवाली मोटर मार्ग में ओवर टेक करने के चलते दो बाइकें आपस में टकरा गई, जिसके चलते दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक मल्लीताल निवासी कार्तिक अपनी बाइक से भवाली से नैनीताल को आ रहे थे। कैलाखान के समीप उनके आगे गलत दिशा से एक बाइक आ गई। इससे पहले की वह बाइक को नियंत्रित कर पाते दोनों बाइकें आपस में भिड़ गई। दोनों बाइक सवार बाइक समेत सडक् में जा गिरे और गंभीर रूप से चोटिल हो गए। इस दौरान वहां से गुजर रहे युवकों ने अपनी कार से घायलों को राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनको उपचार दिया गया। मामले में जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि मल्लीताल निवासी कार्तिक के पैर में गंभीर चोट हैं जिसको उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, वहीं मुरादाबाद निवासी सुलेमान व सलमान को भी हल्की चोट आई हैं।

### मानव तस्करी पर कार्यशाला का आयोजन

**सितारगंज।** शस्त्र सीमा बल 57 बटालियन सितारगंज में महिला कल्याण विभाग द्वारा मानव तस्करी पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ज़िला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन ने प्रतिभागियों को पीपीटी, केस स्टडी, उदाहरण के माध्यम से बाल तस्करी तथा मानव तस्करी के संबंध में जानकारी दी गई। सभी को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1098,1 12, 181, 1090, 1930, के विषय में भी बताया गया। प्रभारी एएचटीयू जीतो कंबोज ने एंटी ह्यूमन ट्रैफ़िकिंग यूनिट के कार्य के संबंध में जानकारी दी तथा जवानों की समस्याओं का भी मौके पर निस्तारण किया गया। यहां डिप्टी कमांडेट अनुराग, चाइल्ड हेल्पलाइन कॉर्डिनेटर चाँदनी रावत , आउटरीच वर्कर हरेंद्र चौधरी समेत अन्य प्रतिभागी मौजूद रहे।

# 13 अक्टूबर को किच्छा में सीएम धामी का अभिनंदन समारोह

**किच्छा**

हमारे संवाददाता

13 अक्टूबर को इंदिरा गांधी खेल मैदान, किच्छा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारी के संबंध में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला और भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रुपरेखा तय की।

पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व और उनके अनुरोध पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड को एक बड़ी सौगात दी है। प्रधानमंत्री ने पूरे भारत में 12 इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी के विकास के निर्णय में से एक स्मार्ट



सिटी के रूप में खुरपिया, किच्छा को चुना है। यह उत्तराखंड के औद्योगिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और राज्य के लिए गर्व का क्षण है। इसी उपलक्ष्य में 13 अक्टूबर को मुख्यमंत्री धामी का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। इस समारोह के माध्यम से मुख्यमंत्री के नेतृत्व और राज्य के प्रति उनके समर्पण का सम्मान किया जाएगा। आयोजन में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, स्थानीय निवासियों और विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होंगे। जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री के अभिनंदन के लिए सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है और आयोजन की सभी तैयारियों को समय पर पूरा किया जाएगा।

बैठक में मंडल अध्यक्ष किच्छा नगर मनमोहन सक्सेना, कीच्छा ग्रामीण अक्षय अरोड़ा, बंटी खुराना,धर्मराज जायसवाल,सुरेंद्र चौधरी,महेंद्र पाल, बलजीत गाबा,मुकेश कोली, विशाल गुप्ता, दिलीप जीना,देवेंद्र शर्मा,अजय साहनी, अमरनाथ कश्यप, दीपा राय, आरती दुबे, लता गंगवार, कविता मान, करुणा तिवारी, पूनम अग्रवाल, राजकुमार कोली, टीकम सिंह कोरंगा, शशिकांत मिश्रा, राजीव सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# किसानों ने प्रस्तावित प्रीपेड बिजली मीटर जबरदस्ती लगाने पर भी विरोध जताया

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

काशीपुर में किसान विकास क्लब (उत्तराखंड) के तत्वाधान में मल्टीप्लेक्स ग्रुप ऑफ कंपनीज की गोष्ठी अनाज मंडी में क्लब के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

गोष्ठी में डॉक्टर आसिफ अली (नॉर्थ हेड) मल्टीप्लेक्स,अरशद मालिक, प्रदीप कुमार तिवारी,डॉ सुखचरण सिंह, यूनिवर्सिटी आदि ने मल्टी प्लेक्स ग्रुप के प्रोडक्टस के विषय में विस्तार से जानकारियां देते हुए बताया कि प्रोडक्ट लगभग 90 प्रतिशत ऑर्गेनिक हैं। जो कि फसलों पर इस्तेमाल करने से मनुष्य को नुकसान दायक नहीं हैं। इन्होंने जहर मुक्त खेती करने की सलाह देते हुए अपने उत्पादो का उपयोग करने की सलाह दी। क्लब के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा ने कहा



**आयोजन**

- मल्टीप्लेक्स ग्रुप ऑफ कंपनीज की गोष्ठी अनाज मंडी में आयोजित

कि धान तौल,काशीपुर - मुरादाबाद हाइवे अथवा अन्य खेती से संबंधित कोई समस्या हो तो किसान संबंधित विभाग के लिए एप्लीकेशन बनाकर लाए जिससे उसका निराकरण हो सके।

किसानों ने प्रस्तावित प्रीपेड बिजली मीटर जबरदस्ती लगाने पर भी विरोध किया। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व ब्लॉक प्रमुख रवि कुमार सिंह, श्वेतांशु चतुर्वेदी, राजवीर मिश्रा, दर्शन दयोल, बलजिंदर संधू, टीका सिंह सैनी, सुरेंद्र सिंह,रमेश सपरा,विजय शर्मा,देवी सिंह यादव, रवि कुमार, गौरव मिश्रा,बलवंत लाल, विजय सुधा आदि मौजूद थे।

# संगोष्ठी: विज्ञान प्रदर्शनी समेत चार्ट और मॉडल और क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज रौशिल में गुरुवार को विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग में विज्ञान प्रदर्शनी समेत चार्ट तथा मॉडल और क्विज प्रतियोगिता हुई।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र ने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में विज्ञान की उपयोगिता के बारे में बताया। विद्यालय के समग्र शिक्षा प्रभारी डा. कन्नू जोशी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि वर्तमान समय में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करके ही सफ लता पायी जा सकती है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय पर आधारित कई नवाचारी चार्ट एवं मॉडल प्रदर्शित किए। विज्ञान संगोष्ठी में वरिष्ठ वर्ग में निर्मला पांडेय ने प्रथम जबकि ज्योति कार्की द्वितीय और रेनू रावत तृतीय रहे। कनिष्ठ वर्ग में आदित्य और दिव्यांशु प्रथम,सौरभ भनवाल द्वितीय और लक्षिता संभल तृतीय रहे। मॉडल में कक्षा 10 वीं छात्र मोहित बेलवाल एवं अन्य साथियों का उर्जा के वैकल्पिक स्त्रोत का चयन किया गया। निर्णायक की भूमिका में डा. संजय कुमार और ममता पांडेय रहे।

इस अवसर पर डा. सुरेश राय,प्रेम कांडपाल,इसरार अहमद,नित्यानंद कांडपाल,डा. कन्नू जोशी,प्रताप कुल्याल,डा. चंद्रशेखर जोशी तथा नवीन भट्ट व सावित्री पाण्डेय उपस्थित रहे। दोनों वर्गों में प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे प्रतिभागी आगामी भविष्य में ब्लॉक स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। अंत में प्रधानाचार्य रमेश चंद्र ने सभी का आभार व्यक्त किया जबकि संचालन हेमा त्रिपाठी ने किया।

# कुमाऊं विवि नैनीताल व भारतीय प्रबंधन संस्थान के बीच समझौता हस्ताक्षर हुए



**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) काशीपुर के बीच अनुसंधान व प्रशिक्षण और शैक्षणिक कार्यों में परस्पर साझेदारी एवं सहयोग को बढ़ावा देने के विशेष मकसद से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

बता दें कि यह समझौता कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत और आईआईएम काशीपुर के निदेशक प्रो. सोमनाथ चक्रवर्ती की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस एमओयू के अंतर्गत दोनों संस्थान संयुक्त रूप से अनुसंधान परियोजनाओं के साथ ही शैक्षणिक कार्यक्रमों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सशक्त बनाएंगे जिससे छात्रों और गुरुजनों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। इस अवसर पर कुविवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि यह समझौता न केवल शिक्षण और शोध की गुणवत्ता को उन्नत करेगा बल्कि उद्योग और शिक्षा के बीच की दूरी को भी कम करेगा।

जिससे विद्यार्थियों को व्यावसायिक दुनिया में सीधे जोडने का रास्ता बनेगा दूसरी ओर आईआईएम काशीपुर के निदेशक प्रो. सोमनाथ चक्रवर्ती ने इस समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस साझेदारी से दोनों संस्थान एक-दूसरे की विशेषज्ञता का लाभ उठाकर ज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सकेंगे एवं समझौते के माध्यम से दोनों संस्थान आने वाले समय में शिक्षा जगत में ठोस बदलाव लाने की दिशा में मिलकर काम करेंगे।

### 11 वर्षीय बालक लापता

**हल्द्वानी।** डहरिया क्षेत्र से एक 11 वर्षीय बालक संदिग्ध हालत में लापता हो गया है। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बालक की तलाश शुरू कर दी है। सुशीला तिवारी अस्पताल के पीछे महाकाली बैंकट हाल डहरिया हल्द्वानी निवासी अंकुर पुत्र नौबत राम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनका 11 वर्षीय पुत्र दीपक राजकीय विद्यालय में पढ़ता है। 9 अक्टूबर को सुबह 7 बजे स्कूल जाने के लिए घर से निकला था। जब वह छुट्टी के बाद वापस घर नहीं आया, तो उसकी तलाश शुरू की गई।

# नियमितीकरण को लेकर 98वें दिन भी जारी रहा आंदोलन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण की मांग को लेकर चलाए जा रहा पर्यावरण संरक्षण के तहत आंदोलन गुरुवार को 98वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि जनपदवार चलाए जा रहे आंदोलन के 98वें दिन जनपद बागेश्वर में निगम कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया, वहीं अन्य जनपदों से कर्मचारियों ने विभिन्न माध्यमों से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन प्रेषित किया। कहा कि आंदोलन के 100वें दिन दशहरा के अवसर पर निगम की सभी इकाइयों में पौधारोपण व स्वच्छता कार्यक्रम चलाया जाएगा तथा विभिन्न माध्यमों से ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद पिथौरागढ़ में 100वें दिन पूरे होने पर 100 पौधों का रोपण किया जाएगा जो कि अपने आप में एक रिकॉर्ड होगा, इसके लिए अभी से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। दूसरी ओर महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला तथा महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कपकोटी तथा उपाध्यक्ष गौतम कुमार व पीतांबर दुमका ने कहा कि संविदा कर्मियों के नियमितीकरण होने तक आंदोलन जारी रहेगा और आंदोलन का100 वें दिन दशहरा भी है,उस दिन ऐतिहासिक पौधारोपण के साथ आंदोलन किया जाएगा,वहीं दिनेश गुरुरानी ने कहा कि शासन को चाहिए कि वह वार्ता के माध्यम से समस्या का समाधान करें।

# त्यौहारों के चलते एसएसपी ने किच्छा बाजार की यातायात व्यवस्था का लिया जायजा

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपद के शहरों की यातायात व्यवस्था का जायजा लिया और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

एसएसपी ने देर शाम को किच्छा में पहुंच यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किच्छा की यातायात व्यवस्था व शहर को अतिक्रमण मुक्त के लिए कोतवाली के इंस्पेक्टर धीरेन्द्र कुमार की पीठ थपथपाई। उन्होंने बताया कि पुराने अस्पताल के पास, बंडिया,बेदी मोहल्ला में रेडी, ठेली की व्यवस्था के लिए नया एरिया चिन्हित कर व्यवस्थित रूप प्रदान प्रदान कर यातायात व्यवस्था में सुधार किया गया। एसएसपी ने बताया कि आगामी त्योहारों को



सकुशल संपन्न कराने को किच्छा के मुख्य बाजार की यातायात व्यवस्था का जायजा लेकर नागरिकों के बीच पुलिस की उपस्थिति को मजबूत किया गया। उनकी सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। बाजार में अतिक्रमण के विरुद्ध भी कार्यवाही की गई। जिसमे फड़, ठेली तथा बाजार मार्ग में अवरुद्ध उत्पन्न कर रहे अव्यवस्थित खड़े वाहनों के विरुद्ध चलानी कार्यवाही भी की गई। उन्होंने अधीनस्थों को निर्देश दिए हैं त्योहारों पर हुड़दंग मचाने वालों पर भी नजर रखी जाएगी।

### अब पुलिस शाम छह बजे से रात आठ बजे तक मुस्तैद रहेगी

त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। एसएसपी ने बताया कि सभी प्रभारी निरीक्षक और थानाध्यक्ष को अपने अपने बाजार क्षेत्र में रात को दो घंटे पुलिस फोर्स के साथ अलर्ट रहेंगे। बाजार में संदिग्ध, चोरों पर कड़ी नजर रखेगें। ताकि किसी भी तरह की चोर घटनाओं को अंजाम नहीं दे पाए। एसएसपी ने बताया कि कोतवाल और थानाध्यक्ष के साथ ही संबंधित बाजार क्षेत्र के चौकी प्रभारी पुलिस कर्मियों के साथ पूरे बाजार क्षेत्र में गश्त करेंगे।